# शिक्षक वर्ग-3 हिंदी

YouTube चैनल Tez Education

**1. महाराष्ट्र की राजभाषा इनमें से कौन सी है?**

(अ) बम्बईया भाषा (ब) मराठी भाषा

(स) टपोरी भाषा (द) हिन्दी भाषा

**2. कौन सा स्वर दीर्घ है?**

(अ) अ (ब) इ (स) उ (द) ऐ

**3. 'पित्राज्ञा' शब्द में कौन-सी संधि है?**

(अ) गुण संधि (ब) वृद्धि संधि (स) यण संधि (द) अयादि संधि

**4. 'उच्चारण' शब्द का संधि विच्छेद होगा-**

(अ) उत् + चारण (ब) उच्च + आरण

(स) उच + चारण (द) उच्च + अरण

**5. एक से अधिक उपसर्गों से बना शब्द है-**

(अ) समालोचना (ब) स्वागत (स) पर्यावरण (द) उपरोक्त सभी

**6. मनौती में कौन सा प्रत्यय है?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) औती (ब) ती (स) आती (द) ई

**7. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण है?**

(अ) आजन्म (ब) अपना पराया (स) महादेव (द) त्रिलोचन

**8. निम्नलिखित में से कौन से शब्द की वर्तनी शुद्ध है?**

(अ) बनारस (ब) चेनई (स) काशि (द) दिल्लि

**9. इस वाक्य का शुद्ध रूप बताइए**

**वह देर में सोकर उठता है**

(अ) वह देर से सोकर उठता है (ब) वह देर से सोकर उठते हैं

(स) वो देर में सोकर उठता है (द) वो देर तक सो कर उठता है

Tez Education

**10. निम्नलिखित शब्दों में भाववाचक संज्ञा होगा-**

(अ) चिकित्सा (ब) युवक (स) नेता (द) जाति

**11. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**

(अ) 4 (ब) 6 (स) 5 (द) 3

**12. निम्नांकित में विराम चिन्ह नहीं है-**

(अ) उपयोगिता बोधक चिन्ह (ब) समाप्ति बोधक चिन्ह

(स) कोष्ठक चिन्ह (द) हंस पद चिन्ह

**13. 'कवित्री' शब्द का पुल्लिंग रूप है-**

(अ) कवीय (ब) कवि (स) कवय (द) कविय

**14. निम्न वाक्यों में से कर्तृवाच्य का चयन कीजिए-**

(अ) अब चलते हैं (ब) आइए, चलें

(स) उपरोक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

**15. 'पेड़' का पर्यायवाची नहीं है?**

(अ) द्रुम (ब) पादप (स) विटप (द) इनमें से कोई नहीं

**16. हाथी शब्द का पर्यायवाची नहीं है-**

(अ) वितुण्ड (ब) कुंजर (स) सैंधव (द) मतंग

**17. 'नश्वर' का विलोम क्या होगा-**

(अ) अनश्वर (ब) चिरंतन (स) अचिरंतन (द) इनमें से कोई नहीं

**18. ' प्रारंभिक' का विलोम शब्द इन में से कौन सा है-**

(अ) अनति (ब) अंतिम (स) प्राचीन (द) आदिकालीन

Tez Education

**19. 'तरणि' का अर्थ है-**

(अ)  सूर्य ,नाव   (ब)  सूर्य, नक्षत्र

(स)  तारा, नाव  (द) इनमें से कोई नहीं

**20. 'जिसकी तुलना ना की जा सके' के लिए एक शब्द होगा?**

(अ)   अतुलनीय  (ब)  अदृश्य  (स)  अदर्शनीय  (द) अदम्य

**21. 'बिच्छू' का तत्सम शब्द पहचानिए-**

(अ)  बुध्यते   (ब)विक्रयण   (स) वृश्चिक  (द) वृत्तिक

**22. रस पहचानिए-**

**सीस पर गंगा हँसे, भुजनि  भुजंगा हंसे|**

**हास ही को दंगा भयो नंगा के विवाह में||**

(अ)  रौद्र रस (ब)   शांत रस (स)   करुण रस (द) हास्य रस

**23. निम्न में से कौन सा एक अलंकार युग्म असंगत है?**

(अ) सारी बीच नारी है नारी बीच सारी है- भ्रांतिमान

(ब)  सोहत ओढ़े पीट- पट श्याम सलोने गात-  उत्प्रेक्षा

Tez Education

(स) उदित गिरी मंच पर रघुवर बाल पतंग- रूपक

(द) पलनि पीक अंजन अधर, धरे महावर भाल - असंगति

**24. 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है-**

(अ) बहुत अभिमान करना (ब) अत्यधिक प्रशंसा करना

(स) बहुत शोर करना (द) पराजित करना

**25. 'कलेजा फटना' मुहावरे का अर्थ है**

(अ) बहुत प्रिय (ब) संतोष होना

(स) विपत्ति में धैर्य धारण करना (द) बहुत दु:ख होना

Tez Education

व्याख्या

**1.उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** महाराष्ट्र की राजभाषा मराठी है

| राज्य | राजभाषा |
| --- | --- |
| गुजरात | गुजराती |
| राजस्थान | हिंदी |

कर्नाटक कन्नड़

तेलंगाना तेलुगु

**2. उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** दीर्घ स्वर- आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

**3. उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** यण संधि

पितृ + आज्ञा = पित्राज्ञा

मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

**4. उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** व्यंजन संधि - उत् + ज्वल = उज्जवल

उद् + छादन = उच्छादन

**5. उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** समालोचना = सम् + आ + लोचन

स्वागत = सु + आ + गत

पर्यावरण = परि + आ + वरण

**6. उत्तर-(अ)**

Tez Education

**व्याख्या-** औती प्रत्यय – चुनौती, कटौती, फिरौती, बपौती

**7. उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** आजन्म- जन्म से लेकर (अव्ययीभाव)

महादेव - महान है जो देव (कर्मधारय)

अपना पराया- अपना और पराया(द्वंद्व)

त्रिलोचन- तीन लोचन है जिसके अर्थात शिव (बहुव्रीहि)

**8. उत्तर- (अ)**

| | |
|---|---|
| **व्याख्या-** अशुद्ध | शुद्ध |
| काशि | काशी |
| चेनई | चेन्नई |
| दिल्लि | दिल्ली |

**9. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** वह देर में सोकर उठता है इस वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है

**10. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** नेता नेतृत्व

युवक यौवन

जाति जातीयता

**11. उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** सर्वनाम- निश्चयवाचक, पुरुषवाचक, अनिश्चयवाचक, निजवाचक, संबंधवाचक ,प्रश्नवाचक

**12. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** समाप्ति बोधक चिन्ह - -----0----

कोष्ठक चिन्ह – (), {}, []

**13. उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** पुल्लिंग स्त्रीलिंग

साधु साध्वी

वीर वीरांगना

मर्द औरत

**14. उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** कर्तृवाच्य - क्रिया का वह रूपांतरण, जिसके माध्यम से वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो ,वाक्य कर्तृवाच्य कहलाता है

**15. उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** पेड़- द्रुम, तरु, विटप, रूक्ष, पादप, वृक्ष

**16. उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** हाथी – हस्ती, गज, दंती, मतंग, वितुंड, कुंजर

**17. उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** आस्तिक नास्तिक

आमिष निरामिष

आश्रित निराश्रित

**18. उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** प्राचीन – नवीन

प्रारंभिक - अंतिम

आदिकालीन - वर्तमानकालीन

आदि - अनादि

**19. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** तरणि - सूर्य , नाव

**20. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** जिसे देखा ना जा सके – अदृश्य

जो देखने योग्य ना हो- अदर्शनीय

जो दबाया ना जा सके – अदम्य

**21. उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** वृश्चिक

**22. उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** हास्य रस का उदाहरण है

**23. उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** संदेह अलंकार - सारी बीच नारी है नारी बीच सारी है

**24. उत्तर-(ब)**

Tez Education

**व्याख्या-** आसमान पर चढ़ना - बहुत अभिमान करना

आसमान सिर पर उठाना - बहुत शोर करना

आसमान दिखाना – पराजित करना

**25. उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** कलेजे का टुकड़ा - बहुत प्रिय

कलेजा ठंडा होना – संतोष होना

Tez Education